संख्या:163/2026/901/35-4-2026/35-4002(003)/3/2026 पार्ट-1

प्रेषक,

अनिल कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
प्रयागराज।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ: दिनांक: 03 जुलाई, 2026

विषय:-वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत स्वीकृत कतिपय कार्य के निरस्तीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत जनपद प्रयागराज में शासनादेश संख्या-60/2026/533/35-4-2026/35-4002(003)/3/2026 दिनांक 30 मार्च, 2026 द्वारा स्वीकृत कार्यों में से शासनादेश की तालिका के क्रमांक-75 पर अंकित कार्य (गंगा विहार कालोनी में डामर रोड से बेनीमाधव सिंह के घर होते हुए दिलीप राय के घर से विक्रम सिंह के घर की ओर इंटरलाकिंग एवं नाली का निर्माण-516 मी0) की रू. 50.31 लाख की लागत पर स्वीकृति निर्गत की गयी है। आपके पत्रांक-339/त्व0अ0वि0यो0/2026-27 दिनांक 18 मई, 2026 द्वारा उपर्युक्त कार्य नगर निगम द्वारा कराये जाने की सूचना के दृष्टिगत उक्त कार्य की स्वीकृति को एतदद्वारा निरस्त किए जाने की श्री राज्यपाल स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उपर्युक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 30 मार्च, 2026 की तालिका के क्रमांक-75 पर स्वीकृत कार्य हेतु प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त रू. 13.00 लाख की धनराशि को नियमानुसार राजकोष के सुसंगत खाते में जमा करते हुए ट्रेजरी चालान की प्रति सहित सूचना नियोजन विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी।

3- उपर्युक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 30 मार्च, 2026 इस सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

भवदीय
अनिल कुमार सिंह
विशेष सचिव।

संख्या:163/2026/901(1)/35-4-2026/35-4002(003)/3/2026 पार्ट-1 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/ग्रामीण अभियन्त्रण/नगर विकास विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- अपर मुख्य सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, प्रयागराज मंडल।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, लखनऊ।
9- मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
10- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रयागराज।
11- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
12- सम्बन्धित संयुक्त निदेशक, स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन,नियोजन विभाग।
13- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, प्रयागराज।
14- अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रयागराज।
15- गार्ड फाईल।

आज्ञा से
राजेन्द्र प्रसाद
संयुक्त सचिव।